## श्री पी वी राजा राम ने
## बी डी एल के निदेशक (उत्पादन) का कार्य-भार ग्रहण किया

श्री पी वी राजा राम ने भारत डायनामिक्स लिमिटेड के निदेशक (उत्पादन) के रूप में पदभार ग्रहण किया।

उस्मानिया विश्वविद्यालय से मैकानिकल इंजीनियर श्री राजा राम, 'पृथ्वी', 'आकाश' और मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एम आर सैम) जैसी मिसाइलों के उत्पादन से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में 34 वर्ष से भी अधिक का अनुभव रखते हैं। इस कार्य-भार ग्रहण से पहले उन्होंने बी डी एल कंचनबाग इकाई के अधिशासी निदेशक और इकाई प्रधान के रूप में अपनी सेवाएँ दीं। उन्होंने सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (सैम) के महाप्रबंधक और प्रधान के रूप में एम आर सैम की उत्पादन सुविधाएँ स्थापित कर इनकी उत्पादन-श्रृंखला के सुव्यवस्थीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही, 'आकाश' अस्त्र प्रणाली के प्रधान के रूप में 'आकाश' मिसाइल और इसके विभिन्न वेरिएंट के लिए लचीली विनिर्माण लाइनें स्थापित करने में भी इनका प्रमुख योगदान रहा। श्री पी वी राजा राम की ए एस 9100 डी के कार्यान्वयन के लिए गुणता और प्रक्रिया संबंधी दस्तावेज तैयार करने के कार्य में भी सक्रिय भागीदारी रही।